दिन– शनिवार

दिनांक– 03 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. खेलो इंडिया, यूथ गेम्स का कल होगा भव्य शुभारंभ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया करेंगे उद्घाटन।

02. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वेव्स शिखर सम्मेलन में कहा – मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में भारत विश्व का नेतृत्व करेगा।

03. सामुदायिक रेडियो के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए छपरा के रेडियो मयूर और भागलपुर के रेडियो एक्टिव को किया गया पुरस्कृत।

04. और, पटना का पीएमसीएच विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बनेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ग्यारह सौ से अधिक बेड वाले परिसर का किया उद्घाटन।

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स का कल रंगारंग और भव्य शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में इस भव्य आयोजन का शुभारंभ करेंगे। चार मई से शुरु होकर यह खेल पंद्रह मई तक आयोजित किये जायेंगे। उदघाटन समारोह में आकर्षक लेजर शो के साथ कलाकार, स्कूली बच्चे और खिलाड़ी मन मोहक प्रस्तुतियां देंगे। आयोजक के रुप में बिहार अपने विरासत, इतिहास और ज्ञान परंपरा को उदघाटन समारोह में प्रस्तुत करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्रन शंकरण ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि यह उदघाटन समारोह ओलंपिक खेलों के शुभारंभ की तरह भव्य होगा।

–––बाइट–––

उदघाटन समारोह में प्रसिद्ध अभिनेता पंकज त्रिपाठी और लोक गायिका मैथिली ठाकुर अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध करेंगे। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक भी दर्शकों को देखने कोमिल जायेगी। सुनते हैं एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

कल से ही खेलो की स्पर्धाएं शुरु हो जायेंगी। प्रथम दिन वालीबाल, जूडो, कबड्डी, मलखंभ और तीरंदाजी की प्रतियोगिताएं होंगी। बिहार के पांच शहरों को इन खेलों की मेजबानी का अवसर मिला है। पटना के साथ राजगीर, बेगूसराय, भागलपुर और गया में खेल

प्रतियोगिताएं होंगी। नई दिल्ली में साइकलिंग, निशानेबाजी और एथलेटिक्स की कुछ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। अट्ठाईस प्रकार के खेलों में अलग–अलग प्रांत के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें पहली बार ई स्पोर्टस को भी शामिल कियागया है। सात सौ नौ स्वर्ण सहित चौबीस सौ से अधिक पदक इस बार के खेलो इंडिया यूथगेम्स में दांव पर होंगे।

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करने की ताकत रखता है। वेव्स शिखर सम्मेलन के तहत मुंबई में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि शिखर सम्मेलन के दौरान अच्छी व्यापारिक वार्ताएं हुई हैं। सरकार इस पहल को और आगे ले जाने के लिए प्रयत्नशील है।

———बाइट———

---

वेव्स के मंच पर मुंबई में आज सामुदायिक रेडियो के संचालकों को सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पुरस्कार भी प्रदान किये गये। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने बारह सामुदायिक रेडियो के संचालकों को ये पुरस्कार प्रदान किये। बिहार के सारण जिले के अभिषेक अरुण को उनके सामुदायिक रेडियो के थीमैटिक श्रेणी में पहला पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार उनके कार्यक्रम टेक सखी के लिए दिया गया। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में अभिषेक ने कहा कि महिलाओं को वित्तीय धोखाधड़ी और साइबर अपराध से बचाने के लिए उनका यह कार्यक्रम प्रसारित होता है।

———बाइट———

स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने की श्रेणी में भागलपुर के सामुदायिक रेडियो को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। लोकहित संगठन भागलपुर द्वारा संचालित रेडियो एक्टिव को अंग प्रदेश की मंजूषा कला को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कार दिया गया।

---

प्रदेश के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने विधानसभा चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियों को जुलाई महीने तक पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस महानिदेशक और विभागीय प्रमुख सचिवों के साथ बैठक में कहा कि चुनाव प्रक्रिया सुचारू, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने की व्यवस्था करें। चुनाव आयोग ने ईवीएम मशीनों की फस्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो

तीस जून तक पूरी कर ली जायेगी। आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम की जांच का निर्देश दिया है।

---

सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि किसानों को सब्जी उत्पादन करने को उनका विभाग प्रोत्साहित कर रहा है। इसके लिए प्रखंड स्तर पर सब्जी उत्पादक समिति का गठन किया जा रहा है। वे भागलपुर में सहकारिता विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

———बाइट———

---

पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बनने जा रहा है। सरकार अस्पताल को पांच हजार से अधिक बेड वाले अस्पताल के रुप में विकसित कर रही है। इस कड़ी में आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ग्यारह सौ से अधिक बेड वाले परिसर का उदघाटन किया। इसके साथ ही नई इमारत में अलग अलग विभागों के लिए ओपीडी और इनडोर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो गयी है। इसी कड़ी में पैंसठ आई सी यू बेड शुरु किये गये हैं। पीएमसीएच को विकसित करने का काम तीन चरणों में पूरा किया जाना है।

---

बिहार विधान सभा चुनाव को लेकर राज्य में राजनैतिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। केंद्र सरकार की ओर से जाति जनगणना कराने के निर्णय के बाद इनमें और तेजी आयी है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जनगणना की तय सीमा में संशोधन करने की मांग की है। उन्होंने लोक सभा और विधान सभा की सीटों के आगामी परिसीमन के दौरान पिछड़ा वर्ग और अति पिछडा वर्ग समुदाय के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता मनोज झा ने इस पत्र के बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेता ने सही चिंता जताई है।

———बाइट———

वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जाति जनगणना पर राजद की राजनीति करने का मुद्दा छिन गया है। इसलिए वे इस तरह की बात कह रहे हैं और पत्र लिखकर क्रेडिट लेना चाहते हैं।

---बाइट---

इधर, जनता दल यूनाइटेड के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक आज पटना में हुई। इसमें विधान सभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गयी। पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने बताया कि बैठक में बोधगया में होने वाली प्रशिक्षण कार्यशाला के बारे में चर्चा की गयी। दो दिवसीय कार्यशाला छह और सात मई को होगी।

---

इधर, ए आई एम आई एम के प्रमुख असद उद्दीन ओवैसी ने आज किशनगंज में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने वक्फ कानून का विरोध किया।

---

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने के साथ ही अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इस दौरान सैंतीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गोपालगंज प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आज समस्तमीपुर और मोतिहारी जिले में केन्द्र द्वारा देश में जातीय जनगणना कराये जाने के निणर्य का स्वागत किया है।

स्वतंत्रता सेनानी साधु शरण का जहानाबाद स्थित उनके पैतृक गांव टिंबलपुर, काको में निधन हो गया। जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुंगेर पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मुफसिल थाना क्षेत्र के तारापुर दियारा स्थित बहियार में एक मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन किया। मौके से पुलिस ने हथियार के साथ तीन लोगो को गिरफ्तार किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. खेलो इंडिया, यूथ गेम्स का कल होगा भव्य शुभारंभ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया करेंगे उद्‌घाटन।

02. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वेव्स शिखर सम्मेलन में कहा – मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में भारत विश्व का नेतृत्व करेगा।

03. सामुदायिक रेडियो के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए छपरा के रेडियो मयूर और भागलपुर के रेडियो एक्टिव को किया गया पुरस्कृत।

04. और, पटना का पीएमसीएच विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बनेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ग्यारह सौ से अधिक बेड वाले परिसर का किया उद्‌घाटन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।